रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/2001 REGISTERED No. DL—33001/2001

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 9] नई दिल्ली, शनिवार, मार्च 3, 2001 (फाल्गुन 12, 1922)
No. 9] NEW DELHI, SATURDAY, MARCH 3, 2001 (PHALGUNA 12, 1922)

CENTRAL GOVERNMENT LIBRARY

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके ।

(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

विषय-सूची

		पृष्ठ
भाग I—खण्ड 1	(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधिवत नियमों, विनियमों, आदेशों तथा संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं	235
भाग I—खण्ड 2	(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	191
भाग I—खण्ड 3	रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संकल्पों और असंविधिक आदेशों के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	3
भाग I—खण्ड 4	रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई सरकारी अधिकारियों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि के सम्बन्ध में अधिसूचनाएं	187
भाग II	—खण्ड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	*
भाग II	—खण्ड 1 क—अधिनियमों, अध्यादेशों और विनियमों का हिन्दी भाषा में प्राधिकृत पाठ	*
भाग II	—खण्ड 2—विधेयक तथा विधेयकों पर प्रवर समितियों के विवरण तथा रिपोर्ट	*
भाग II	—खण्ड 3—उप खण्ड (i)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियम (जिनमें सामान्य स्वरूप के आदेश और उपविधियां आदि भी शामिल हैं)	*
भाग II	—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं	*
भाग II	—खण्ड 3—उप-खण्ड (iii)—भारत सरकार के मंत्रालयों (जिनमें रक्षा मंत्रालय भी शामिल है) और केन्द्रीय प्राधिकरणों (संघ शासित क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा जारी किये गये सामान्य सांविधिक नियमों और सांविधिक आदेशों (जिनमें सामान्य स्वरूप की उपविधियां भी शामिल हैं) के हिन्दी प्राधिकृत पाठ (ऐसे पाठों को छोड़कर जो भारत के राजपत्र के खण्ड 3 या खण्ड 4 में प्रकाशित होते हैं)	*
भाग II	—खण्ड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सांविधिक नियम और आदेश	*
भाग III	—खण्ड 1—उच्च न्यायालयों, नियंत्रक और महालेखा-परीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल विभाग और भारत सरकार से सम्बद्ध और अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	90
भाग III	—खण्ड 2—पेटेंट कार्यालय द्वारा जारी की गई पेटेंटों और डिजाइनों से संबन्धित अधिसूचनाएं और नोटिस	125
भाग III	—खण्ड 3—मुख्य आयुक्तों के प्राधिकार के अधीन प्रशासन द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	
भाग III	—खण्ड 4—विविध अधिसूचनाएं जिनमें सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिस शामिल हैं	1463
भाग IV	—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी निकायों द्वारा जारी किए गए विज्ञापन और नोटिस	
भाग V	—अंग्रेजी और हिन्दी दोनों में जन्म और मृत्यु के आंकड़ों की बताने वाला सम्पूरक	*

* आंकड़े प्राप्त नहीं हुए ।

CONTENTS

	PAGE
PART I—SECTION 1—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	235
PART I—SECTION 2—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	191
PART I—SECTION 3—Notifications relating to Resolutions and Non-Statutory Orders issued by the Ministry of Defence	3
PART I—SECTION 4—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave etc. of Government Officers issued by the Ministry of Defence	187
PART II—SECTION Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 1A—Authoritative texts in Hindi languages of Acts, Ordinances and Regulations	*
PART II—SECTION 2—Bills and Reports of the Select Committee on Bills	*
PART II—SECTION 3—Sub-section (i)—General Statutory Rules including Orders, Bye-laws, etc. of general character issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—Sub-section (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 3—Sub-Sec. (iii)—Authoritative texts in Hindi (other than such texts, published in Section 3 or Section 4 of the Gazette of India) of General Statutory Rules & Statutory Orders (including Bye-laws of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (including the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than Administration of Union Territories)	*
PART II—SECTION 4—Statutory Rules and Orders issued by the Ministry of Defence	*
PART III—SECTION 1—Notifications issued by the High Courts, the Comptroller and Auditor General, Union Public Service Commission, the Indian Government Railways and by Attached and Subordinate Offices of the Government of India	907
PART III—SECTION 2—Notifications and Notices issued by the Patent Office, relating to Patents and Designs	125
PART III—SECTION 3—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	—
PART III—SECTION 4—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	1463
PART IV—Advertisements and Notices issued by Private Individuals and Private Bodies	35
PART V—Supplement showing Statistics of Births and Deaths etc. both in English and Hindi	*

*Folios not received

भाग I—खण्ड 1

[PART I—SECTION 1]

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सांविधितर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

[Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court]

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 9 फरवरी, 2001

सं० 16-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री आनन्दि पासवान ,
सहायक उप निरीक्षक,
बिहार।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

2-6-1998 को श्री अब्दुल गनी मीर, एस० डी० पी० ओ० के नेतृत्व में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की दो प्लाटूनों सहित एक पुलिस पार्टी को जहानाबाद में उग्रवादियों के विरुद्ध अभियान चलाने के लिए तैनात किया गया। वहां पहुंचने पर पुलिस पार्टी ने क्षेत्र की घेराबन्दी कर ली। उग्रवादी एक मकान में छिपे हुए थे। पुलिस देखने पर कुछ उग्रवादियों ने, मकान का मुख्य दरवाजा खोलकर पश्चिम दिशा की ओर भागना शुरू कर दिया और कुछ अन्य ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस पार्टी द्वारा इसका जवाब दिया गया। इस मुठभेड़ में, श्री ए० पासवान, सहायक उप निरीक्षक ने प्रमुख भूमिका निभाई जिसके परिणामस्वरूप दो उग्रवादी मारे गए। इसी बीच, सर्व/श्री राम यश सिंह, पुलिस अधीक्षक, आर० रंजन सिंह, उप-पुलिस अधीक्षक, शिव लगन रविदास, निरीक्षक बड़ी कुमुक के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उसके बाद, श्री राम यश सिंह के नेतृत्व वाली पुलिस पार्टी ने उग्रवादियों पर हथगोले और अश्रुगैस के गोले फेंके। उग्रवादी भी पुलिस पार्टी पर गोलीबारी करते रहे। दोनों तरफ से हो रही गोलीबारी में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सर्व/श्री द्वारिका राम, सहायक उप निरीक्षक, रजीत कुमार सिंह, कान्सटेबल और लांस नायक उमा शंकर सिंह गोली लगने से जख्मी हो गए। एक अवसर लेते हुए, श्री अब्दुल गनी मीर, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के उप कमान्डेन्ट श्री रमा शंकर राय और श्री राजेश शरण, उप निरीक्षक के साथ उग्रवादियों के छिपने के स्थान के अन्दर घुसे। पुलिस को छिपने के स्थान के अन्दर प्रवेश करते देख, उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलीबारी करते हुए भागना शुरू कर दिया। उग्रवादी जब भाग रहे थे तो उनकी मुठभेड़ दूसरी पुलिस पार्टी से हुई। यह मुठभेड़ लगभग आधा घंटे तक चली जिसमें सार्जेंट मेजर राजेन्द्र कुमार चौधरी, उप निरीक्षक, अखिलेन्द्र कुमार सिंह, मुनी लाल राना, उप निरीक्षक और उप निरीक्षक संजय कुमार पांडे ने 5 उग्रवादियों को मारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपर्युक्त मुठभेड़ में 19 कट्टर उग्रवादी मारे गए और मुठभेड़ के स्थान से बड़ी मात्रा में शस्त्र गोलाबारूद और अन्य अभिगसी सामग्री तथा एक एम० एल० आर०-7 62, एक कारबाईन 9 एम० एम०, दो राइफले, तीन राइफले .303, दो राइफले .315, एक डी० बी० बी० एल० गन, एक देशी पिस्तौल के अलावा बड़ी मात्रा में कारतूस, विस्फोटक सामग्री और नक्सलवादी साहित्य बरामद हुआ। सर्व/श्री रमा शंकर राय, उप कमांडेट, ओंकार सिंह, लान्सनायक और अजित कुमार सिंह, कान्सटेबल, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को उपर्युक्त घटना में की गई कार्रवाई के लिए पहले ही वीरता के लिए पुलिस पदक प्रदान किया जा चुका है।

इस मुठभेड़ में, श्री आनन्दि पासवान, सहायक उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 2 जून, 1998 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 17-प्रेज 2001—राष्ट्रपति, बिहार पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारियों का नाम और रैंक

श्री शिव पूजन सिंह,
निरीक्षक।

श्री मुन्द्रिका प्रसाद,
उप-निरीक्षक।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

10-12-1999 को लगभग 21.15 बजे अपराह्न में निरीक्षक शिव पूजन सिंह को सूचना मिली कि प्रतिबन्धित अतिवादी पीपुल्स वार गुट का सशस्त्र दस्ता जलपुरा क्षेत्र में जनसंहार करने की योजना बना रहा है। इस पर, श्री सिंह ने, उप निरीक्षक मुन्द्रिका प्रसाद, राम भज्जू दयाल, दिलू लोहार, संजय कुमार झा, लाल बहादुर राम, कान्सेटबल सुरेन्द्र मिश्रा, प्रदीप प्रसाद और बृजेश कुमार झा को शामिल करके एक छापामार पार्टी संगठित की। घटनास्थल पर पहुंचने पर, पुलिस बड़ी सावधानी से पैदल, सोन नदी के किनारे की तरफ बढ़ी। लगभग 1.5 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद, उग्रवादियों ने पुलिस पार्टी पर अचानक गोलिया चलाईं। पुलिस पार्टी ने मोर्चा संभाला और उग्रवादियों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा। उग्रवादियों ने नारे लगाने शुरू किए और पुलिस पर अंधाधुंध गोलियां चलाईं। पुलिस ने भी इसका जवाब दिया। उग्रवादियों द्वारा की गई गोलीबारी से सर्व/श्री पूजन सिंह निरीक्षक और मुन्द्रिका प्रसाद, उप निरीक्षक जख्मी हो गए। जख्मी होने के बावजूद, इन पुलिस कार्मिकों ने अन्य के साथ, उग्रवादियों पर गोलियां चलाते हुए उनका पीछा करना जारी रखा। उग्रवादियों ने वापस भागना शुरू किया और अंधेरे का फायदा उठाकर बच कर भाग निकले। बाद में घटनास्थल से, एक उग्रवादी का शव मिला जिसकी शिनाख्त विश्वनाथ यादव उर्फ पी० पी० उर्फ प्रताप जी, कुख्यात प्रतिबन्धित उग्रवादी संगठन पीपुल्स वार के स्वयंभू क्षेत्रीय कमान्डर के रूप में की गई। क्षेत्र की तलाशी के दौरान, एक देशी राइफल, एक देशी भरी हुई पिस्तौल, विन्दोलिया के साथ .315 बोर के 14 सक्रिय कारतूस, .303 बोर के 3 सक्रिय कारतूस, 12 बोर के 2 खाली कारतूस और .315 बोर के 5 खाली कारतूस भी बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री शिव पूजन सिंह, निरीक्षक और मुन्द्रिका प्रसाद उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 दिसम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

अरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप उसचिव

सं० 18-प्रेज 2001—राष्ट्रपति, हरियाणा पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री अशोक कुमार,
कान्सटेबल,
सोनीपत।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

6-11-1999 को 4.30 बजे अपराह्न में कच्चे बघाटर्स मार्किट, अशोक नगर, सोनीपत में आग लग गई। यह आग बहुत तेजी के साथ फैल गई और इस बाजार की 14 दुकानें जलकर राख हो गईं। दुकानदार दुकानों के अन्दर फंस गए, जिसके परिणामस्वरूप 48 की मृत्यु हो गई और 10 जख्मी हो गए। श्री सुरेन्द्र सिंह, हैड कांसटेबल जो मोबाइल पी०सी० आर० पर थे और श्री अशोक कुमार, कांसटेबल जो उस समय इस मार्किट में मोटर साईकल गश्त पर थे, ने अन्य जनता की मदद से बचाव अभियान का नेतृत्व किया और अनेक अमूल्य जानें बचाईं। बचाव अभियान के दौरान श्री सिंह का दम घुट गया और उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया। बचाव अभियान में श्री अशोक कुमार जल गए और उनका शव अन्य के साथ, दुकानों के मलबे से निकाला गया।

इस बचाव कार्य में (दिवंगत) श्री अशोक कुमार, कान्सटेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 6 नवम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

अरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 19-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, जम्मू तथा कश्मीर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक बार/पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारियों के नाम और रैंक

1. श्री जगतार सिंह, निरीक्षक,
   (वीरता के लिए पुलिस पदक का बार),
2. श्री दीदार सिंह, सहायक उप निरीक्षक,
3. श्री मो० शफी वार, सहायक उप निरीक्षक,
4. चन्द्र पाल, कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

1 मई, 99 को यह विशिष्ट सूचना मिली कि गैर कानूनी हथियारों से लैस हिजबुल मुजाहिद्दीन के खुंखार आतंकवादियों का एक ग्रुप मो० मकबूल वाती के निवास, उसमानिया कालोनी शकरपोरा श्रीनगर में एक बैठक करने की योजना बना रहा है। पुलिस अधीक्षक (प्रचालन) श्रीनगर की देख-रेख में, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कार्मिकों के साथ पुलिस पार्टी ने उस क्षेत्र में, तत्काल बाहरी घेरा डाल दिया। घर के इर्द-गिर्द अन्दरूनी घेरा डालते समय, उग्रवादियों ने तथाकथित घर के अन्दर से एस० ओ०जी० पार्टी पर अंधा-धुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। निरीक्षक जगतार सिंह, सहायक उप निरीक्षक दीदार सिंह, सहायक उप निरीक्षक मो० शफी दार और कान्सटेबल चन्द्रपाल

के साथ, घर के संवासियों को बाहर निकालने और उग्रवादियों को छिपने के स्थान से खदेड़ने के लिए स्वेच्छा से आगे आए। उन्होंने घर पर धावा बोला और उग्रवादियों द्वारा की जा रही भारी गोलीबारी में भूतल पर कूदे और वहां से संवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला। उग्रवादियों ने घर के दूसरे तल पर मोर्चा सम्भाला और पार्टी पर भारी गोलीबारी की, जिसके परिणामस्वरूप भीषण मुठभेड़ हुई। उग्रवादियों ने ऊपरी मंजिल से ग्रेनेड फेंके, जिससे निरीक्षक जगतार जख्मी हो गए। जख्मी होने के बावजूद, वे आगे बढ़े और एक दीवार की आड़ में मोर्चा सम्भाला और श्रीनगर निवासी खूंखार उग्रवादी शौकत अहमद काजी कोड शाहनी, हिजबुल मुजाहिद्दीन गुट के चीफ, को मारने में सफल हुए। मुठभेड़ के स्थान से 01 ए० के० राइफल, 03 ए०के० मैगजीन, 04 ए०के० राउन्ड, 01 ग्रेनेड ट्रोफर कप और 2 वायरलैस सेट बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, सर्व/श्री जगतार सिंह, निरीक्षक, दीदार सिंह, सहायक उप निरीक्षक, मो० शफी डार, सहायक उप निरीक्षक और कांस्टेबल चन्द्रपाल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 1 मई, 1999 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 20-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री लाल सिंह कुशवाह,,
कान्सटेबल, मध्य प्रदेश।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

18 सितम्बर, 1999 को जब 15 विचारणधीन कैदियो को उपचार और चिकित्सा जांच के लिए केन्द्रीय जेल से माधव डिसपेन्सरी ग्वालियर ले जाया जा रहा था तो घातक हथियारों से लैस बदमाश वाहन पर चढ़ गए और एक विचारणधीन कैदी, श्री जितेन्द्र उर्फ टिकू की तरफ आगे बढ़े। इस अचानक हमले से, मार्गरक्षी पुलिस गार्ड और डिसपेन्सरी में मरीजों की भीड़ के बीच आतंक फैल गया। बदमाशों ने श्री लाल सिंह कुशवाह, कास्टेबल को, अपनी राइफल लोड करते देख लिया और उनमे से एक ने इन पर हमला कर दिया। इसके परिणामस्वरूप श्री कुशवाह जख्मी हो गए और अपने जख्मों की परवाह न करते हुए इन्होंने बदमाशों पर गोलिया चलाई। इसी बीच, दूसरे बदमाशों ने अपने लक्ष्य श्री जितेन्द्र पर हमला कर दिया। तीसरे बदमाश ने श्री कुशवाह पर गोली चलाई लेकिन ये बाल-बाल बचे। पकड़े जाने की आशंका से, बदमाश भाग गए। श्री कुशवाह ने विचारणाधीन, जितेन्द्र को उसके साथी, राम किशोर के सुपुर्द किया और स्वयं अपराधियों का पीछा किया। उनमें से एक को उन्होंने हाथापाई में दबोच लिया। तथापि, उनमें से दो, घने रिहायशी क्षेत्र का लाभ उठाकर भागने में कामयाब हो गए। दबोचे गए अपराधी से एक कट्टा और एक सक्रिय राऊन्ड बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, श्री लाल सिंह कुशवाह, कान्सटेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अन्तर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 18 सितम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 21-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है—

अधिकारियों के नाम और रैंक

सर्वश्री
सुरेन्द्र कुमार पाण्डे,
पुलिस अधीक्षक, मध्य प्रदेश।
मदन मोहन मिश्रा,
एस० डी० पी० ओ०, मध्य प्रदेश।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

7-7-99 को एम० सी० सी० के नक्सलवादियों की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त होने के बाद, श्री सुरेन्द्र कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक, तुरन्त घने जोबा जंगल की तरफ गए। जंगलों में दो दिन तक गहन तलाशी करने के बाद, पुलिस तलाशी दल को नक्सलवादी दिखाई दिए और श्री पांडे, एस० डी० पी० ओ०, रामानुजगंज, श्री एम० एम० मिश्रा, एस० डी० पो० ओ० सूरजपुर, श्री मनोज सिंह, अन्य अधिकारियो और बल के साथ तत्काल उनकी ओर गए। नक्सलवादियों ने पुलिस पार्टी पर भारी गोलीबारी की। श्री पांडे ने अपनी एस० एल० आर० से गोली चलाकर तत्काल नक्सलवादियों का जवाब दिया और अपनी पार्टी को भी नक्सलवादियों पर गोली-बारी करने का आदेश दिया। लगभग 90 मिनट तक दोनों तरफ से भारी गोलीबारी होती रही। श्री पांडे अपने मोर्चे से बाहर आए और नक्सलवादियों पर सीधा हमला करने के लिए आगे बढ़े। उन पर दुश्मन ने भारी गोलीबारी की लेकिन इन्होंने नक्सलवादियों पर सामने से हमला जारी रखा जिसके परिणामस्वरूप, नक्सलवादी नेता को गोली लगी और वह घटनास्थल पर ही मारा गया। उसके बाद नक्सलवादियों ने जंगल की तरफ भागना शुरू कर दिया। श्री पांडे ने अपनी पार्टी के साथ भाग रहे नक्सलवादियों का

पीछा किया और जैसे ही वे उग्रवादियों की पोजिशन की तरफ बढ़ रहे थे, तो उनके दाहिने हाथ पर एक नक्सलवादी की गोली लगी। इन्होंने देखा कि कुछ नक्सलवादी बिनिया की तरफ भाग रहे हैं और उन्होंने तत्काल वायरलैस पर एस० डी० पी० ओ० श्री मिश्रा को सावधान किया। श्री मिश्रा ने तत्काल प्रत्युत्तर दिया और आगे हुई गोलीबारी में श्री मिश्रा ने एक और खूंखार नक्सलवादी को मार गिराया। नक्सलवादियों से निम्नलिखित शस्त्र, गोलाबारूद बरामद किया गया:—

1. राइफल .315	1 नग
2. राइफल .12 बोर	2 नग
3. देशी .303	1 नग
4. .315 के सक्रिय राउन्ड	12 नग
5. .303 के सक्रिय राउन्ड	12 नग
6. .12 बोर के सक्रिय कारतूस	13 नग
7. .303 के खाली राउन्ड	18 नग
8. .315 के खाली राउन्ड	12 नग
9. .12 बोर के खाली राउन्ड	15 नग
10. नक्सलवादी साहित्य लाल चिंगारी पुस्तक	1 नग
11. नक्सलवादी इश्तहार	35 नग
12. कैनवास बेल्ट	4 नग
13. कैनवास बुलैट बेल्ट	4 नग
14. कोपीज	5 नग
15. मिलिट्री रंग की मंकी कैप	3 नग
16. लाल तौलिया	6 नग
17. मिलट्री रंग की वर्दी	3 कमीजें और 2 पैंट

18. रोजमर्रा की उपभोज्य वस्तुओं के साथ 4710 रु० नगद।

इस मुठभेड़ में, सर्वश्री सुरेन्द्र कुमार पांडे, पुलिस अधीक्षक और मदन मोहन मिश्रा, एस० डी० पी० ओ० ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 जुलाई, 1999 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति के उप सचिव

सं० 22-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, मध्य प्रदेश पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक को सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री दिनेश कुमार मिश्रा,
कान्सटेबल, मध्य प्रदेश।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

श्री जमुना सुपुत्र सुवर्शन यादव, निवासी कौनहारी, एस० के० एफ० पोस्ट कौनहारी के गार्ड कमान्डर, जिन्हें पुलिस स्टेशन नरौंधा के दूर-दराज क्षेत्र में ए० डी० के पद पर तैनात किया गया था, से 5-6 सशस्त्र अपराधियों/डकैतों द्वारा सिरसा डायमंड माइन्स, सिरसा के ठेकेदारों और मजदूरों की पिटाई करने के बारे में सूचना मिलने पर, ए० पी० सी० दल बहादुर गुरंग, श्री शिव प्रताप सिंह, हैड-कान्सटेबल, सर्वश्री राम खिलावन कोरी और दिनेश कुमार मिश्रा, दोनों कान्सटेबल के साथ 23-5-1999 को उक्त स्थान को गए। श्री मिश्रा और श्री रामखिलावन ने अपराधियों का पीछा किया और चन्दा माइन की तरफ गए। कान्सटेबल, दल बहादुर और कान्सटेबल शिव कुमार सिंह की पहाड़ी और घने जंगली क्षेत्र में अपराधियों से मुठभेड़ हुई। चन्दा माइन पर कान्सटेबल मिश्रा और रामखिलावन पर अपराधियों द्वारा गोलीबारी की गई। श्री मिश्रा को गोली लगने से अनेक गंभीर जख्म हो गए और उनसे अत्यधिक खून बहने लगा। तथापि, दोनों कान्सटेबलों ने अपराधियों का पीछा किया जो वन क्षेत्र में गायब हो गए। जख्मों के कारण श्री मिश्रा की मृत्यु हो गई। घटनास्थल से अपराधियों के द्वारा छोड़ी गई एक देशी .315 बोर राइफल और 30 बोर के 6 सक्रिय राउन्ड और कुछ खाली कारतूस बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री दिनेश कुमार मिश्रा, कान्सटेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फल-स्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 23 मई, 1999 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 23-प्रेज 2001—राष्ट्रपति, महाराष्ट्र पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री डी० जगन्नाथ अदसुल,
हैड-कान्सटेबल, महाराष्ट्र।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

7-1-1999 को खूखार अपराधी और उसके साथियो की एक व्यापारी को गोली से उड़ा देने की योजना के बारे में सूचना प्राप्त होने पर श्री डी० पी० अवद, सहायक पुलिस आयुक्त, द्वारा श्री डी० जगन्ननाथ अदसुल, हैड कान्सटेबल सहित 10 अन्य पुलिस कार्मिकों को साथ लेकर एक जाल बिछाया गया। 8 जनवरी, 1999 को पहचान किए गए स्थान पर पहुंचने पर पुलिस पार्टी ने देखा कि दो व्यक्ति 0740 बजे, आटोरिक्शा से नीचे उतर रहे हैं। सर्व श्री अनिल गोलवाले, उप निरीक्षक और एस० पाटिल, दोनों पुलिस कार्मिकों ने अपने अन्य साथियों को इशारा किया जिन्होंने अभियुक्त व्यक्तियों को दबोचने की कोशिश की। इस पर, अपराधियों ने अपनी पिस्तौलें निकाली और पुलिस पार्टी पर अंधाधुंध गोलियां बरसानी शुरू कर दी। पुलिस पार्टी ने जवाबी कार्रवाई की। अपराधियों द्वारा की गई अंधाधुंध गोलीबारी के कारण श्री अदसुल के पेट में गोली लगी। जख्मी होने के बावजूद, श्री अदसुल, अपराधियों पर लगातार गोलियां चलाते रहे। श्री अदसुल सहित पुलिस पार्टी द्वारा की गई गोलीबारी के कारण अपराधी जख्मी हो गया और वहीं गिर पड़ा। उसे तुरन्त दबोच लिया गया और उससे 6 खाली कारतूसों सहित 38 बोर आयातित रिवाल्वर बरामद की गई। तथापि, अपराधियों के साथी, बगीचे की बाड़ को फांद कर भाग निकले।

इस मुठभेड़ में, श्री डी० जगन्नाथ अदसुल, हैड कान्सटेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 8 जनवरी, 1999 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 24-प्रेज 2001—राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री ए० थोम्बा सिंह,
उप निरीक्षक, मणिपुर।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

11-12-1999 को लगभग 5.00 बजे अपराह्न में एक सशस्त्र पुलिस पार्टी जिसमे इम्फाल पश्चिमी जिले के 4 पुलिस कार्मिक और उप निरीक्षक ए० थोम्बा सिंह थे, खोवाथोंग पुलिस पिकेट पर अपनी ड्यूटी कर रहे थे, तो दो युवक-एक 9 एम० एम० पिस्तौल से लैस और दूसरा चीन निर्मित हथगोले से लैस, पुलिस पार्टी की ओर बढ़े और उनसे शस्त्र और गोला-बारूद छीनने की कोशिश की। 9 एम० एम० पिस्तौल से लैस युवक, जिसकी शिनाख्त बाद में निंगम सिंह के रूप में की गई, सीधे थोम्बा सिंह के पास आया और अधिकारी से अपना सर्विस रिवाल्वर और वायरलेस सेट उसके सुपुर्द करने के लिए कहा। अधिकारी धमकी के आगे नहीं झुका। युवक ने, इस अधिकारी को मारने की मंशा से अपना पिस्तौल निकालने की कोशिश की लेकिन श्री थोम्बा सिंह ने तुरन्त बदमाश को दबोच लिया, जो भूमि पर गिर पड़ा। पुलिस अधिकारी ने उस युवक से भरा हुआ पिस्तौल छीन लिया। चीन निर्मित हथगोले से लैस दूसरे युवक, जिसकी शिनाख्त बाद में अथोकपम प्रेम कुमार सिंह के रूप में की गई, ने लड़ाई में भाग लेकर अपने साथी की मदद करने की कोशिश की। इस नाजुक मौके पर, पिकेट में तैनात 4 अन्य पुलिस कार्मिक नामत: (1) मो० जियाउद्दीन मिया, कान्सटेबल (2) श्री ओकरम लोलन सिंह (3) श्री इबोमचा सिंह और (4) श्री सी० पैशो लगबुल जो सभी, गोलाबारूद के साथ राइफलों से लैस थे, अपने कमान्डर थोम्बा सिंह के बचाव के लिए दौड़े। इन्होंने, हथगोला पकड़े हुए युवक को दबोच लिया। दूसरा व्यक्ति नामत: निंगम सिंह भीड़-भाड़ वाले शहर और अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। इस प्रकार से श्री अथोकपम प्रेम कुमार सिंह को चीन निर्मित हथगोले और 9 एम० एम० पिस्तौल के साथ पकड़ लिया। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त नामत: ए० प्रेम कुमार सिंह ने बताया कि वह के० सी० पी० का सक्रिय सदस्य है, जिसने कुछ समय पहले खोवाथोंग पुलिस पिकेट से शस्त्र, गोलाबारूद और वायरलैस सेट छीने थे।

इस मुठभेड़ में, श्री श्री ए० थोम्बा सिंह, उप निरीक्षक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 11 दिसम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

बरूण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 25-प्रेज 2001—राष्ट्रपति, मणिपुर पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री छानामचम सानातोम्बा सिंह,
कांस्टेबल, मणिपुर।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया:

7 जनवरी, 2000 को लगभग 6.50 बजे अपराह्न में मोंगाखाग माम्बी में शस्त्रों से लैस अज्ञात युवकों द्वारा एक वृद्ध व्यक्ति की हत्या के बारे में सूचना मिलने पर, उस क्षेत्र से, गुजरने वाले व्यक्तियों और वाहनों की तलाशी लेने के लिए

वरिष्ठ अधिकारियों के गहन पर्यवेक्षण में पुलिस पार्टियां तैनात की गई। इनमें से पुलिस अधीक्षक, उखरुल पश्चिम की मार्ग-रक्षी पार्टी को लेकर बनाई गई एक पुलिस टीम, ने तलाशी लेते हुए एक स्कूटर पर सवार दो व्यक्तियों को आते देखा। श्री छानामबम साना तोम्बा सिंह, कान्सटेबल ने उन्हे जांच के लिए रुकने हेतु कहने पर, इनमें से एक युवक ने पुलिस पार्टी पर गोलीबारी की, जिससे श्री सिंह जख्मी हो गए। जख्मी होने के बावजूद श्री साना तोम्बा सिंह ने अपनी सर्विस ए० के०-47 राइफल से उग्रवादियों पर गोलिया चलाई और उनमें से एक को मार गिराया, जिसकी पहचान बाद में खुरामजाम मंगोलजाबों सिंह उर्फ सान्ता उर्फ मंगोल उर्फ नुनगसी उर्फ मौरम्बा उर्फ सुरेन पुत्र गोपाल सिंह, ईराम सिफै मांमांग लेईकाई निवासी, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के स्वयंभू सार्जेन्ट मेजर और डिवीजन सं० 4 के कमान्डर के रूप में की गई। यह देखने पर दूसरे उग्रवादी भाग गए। लेकिन श्री सिंह गम्भीर रूप से जख्मी होने के बावजूद अपने अन्य पुलिस कार्मिकों के साथ भाग रहे उग्रवादियों का पीछा करते रहे। तथापि, वे पीछा करना जारी नहीं रख सके और जमीन पर गिर पड़े और उग्रवादी अन्धेरे की आड़ में भागने में कामयाब हो गए। श्री साना तोम्बा सिंह को तुरन्त अस्पताल ले जाया गया लेकिन जख्मी हो जाने के कारण उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटनास्थल से, 11 सक्रिय राउन्ड से भरी एक 9 एम० एम० पिस्तौल, एक वायरलेस सैट, 9 एम० एम० गोली बारूद के 24 सक्रिय राऊन्ड और एक स्कूटर बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ में, स्वर्गीय श्री छानामबम साना तोम्बा सिंह, कान्सटेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्य-परायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 7 जनवरी, 2000 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 26-प्रेस/2001—राष्ट्रपति, नागालैंड पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियों को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं —

अधिकारियों का नाम और रैंक

श्री नेयबा न्यूमै
उप-अधीक्षक पुलिस,
(मुख्य मंत्री के पी० एस० ओ०)

(दिवंगत) सर्वश्री
खेंगा रेंगमा
लांस नायक
(दिवंगत) लीमासुनेप ए० ओ०,
कांस्टेबल

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

29-11-99 को 05 15 बजे के लगभग, नागालैंड के मुख्य मंत्री जब दीमापुर से कोहिमा जा रहे थे तो उन पर दीमापुर के कोहिमा की ओर 44 किलो मीटर के पत्थर के समीप एन० एस० सी० एन० (आई० एम०) के तत्वों द्वारा घात लगाकर हमला किया गया। हमलावरों ने 14 शक्तिशाली विस्फोट किए। इन विस्फोटों ने उसी दिशा में जा रहे एक ट्रक को पटक दिया और विशिष्ट व्यक्तियों की अतिरिक्त कार को कुचल दिया। मुख्य मंत्री की कार और अन्य वाहनों को भी क्षति पहुंची। श्री नेयबा न्यूमै उप-अधीक्षक पुलिस तथा मुख्य मंत्री के पी० एस० ओ० ने तुरन्त कार के दरवाजों को तोड़कर खोल दिया और मुख्य मंत्री को उसमे बाहर खीचकर अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। इसी दौरान, खेंगा रेंगमा, लांस नायक और श्री लीमासुनेप ए० ओ० कांस्टेबल सहित अन्य मार्ग रक्षी कार्मिकों ने आक्रमणकर्ताओं पर गोलीबारी आरम्भ कर दी और मुख्य मंत्री को कवरिंग फायर प्रदान किया। श्री न्यूमै ने एक गढ़े से दूसरे गढ़े की ओर ले जाते हुए मुख्य मंत्री को अपने शरीर की ढाल प्रदान की। श्री न्यूमै ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह न करते हुए पोजिशन संभाली और आक्रमणकर्त्ताओं पर गोलीबारी करके मुख्य मंत्री को आड़ प्रदान करते हुए अन्ततः उन्हे पायलट गाड़ी तक सुरक्षित ले जाने में सफल रहे और उन्हें वहां से निकाल कर असम राईफल्स कैम्प तक पहुंचा दिया। सर्व/श्री खेंगा रेंगमा और लीमासुनेप ए० ओ० ने आक्रमणकर्त्ताओं पर जवाबी गोलीबारी और मुख्य मंत्री और उनके मार्गरक्षी कर्मियों को कवरिंग फायर जारी रखी और तब तक उनका मुकाबला करते रहे जब तक कि आक्रमणकारियों द्वारा उन्हे अंततः दबोच कर नजदीक से गोली मार कर मार नहीं दिया गया।

इस मुठभेड़ मे, श्री नेयबा न्यूमै उप-अधीक्षक पुलिस, (दिवंगत) सर्वश्री खेंगा रेंगमा, लास नायक और लीमासुनेप ए० ओ०, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 नवम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 27-प्रेस/2001—राष्ट्रपति, त्रिपुरा पुलिस के निम्न-लिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री कृष्ण कुमार सिन्हा
राइफलमैन

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया.

10 जुलाई, 1999 को 1110 बजे श्री कृष्ण कुमार सिन्हा, राइफलमैन सहित 10 पुलिस कार्मिकों की एक आर० ओ० पी० मोबाइल पार्टी, चावल के एक सिविल ट्रक और 12/15 सिविलियनों के साथ जलनबाड़ी से चली। जब यह मोबाइल आर० ओ० पी० कानवाई टेकुमबाड़ी गाव के पास जलनबाड़ी के समीप पहुची तो कानवाई की जीप के सामने अचानक एक सुरंग से विस्फोट हुआ। श्री के० के० सिन्हा, राइफलमैन, जो कि तीसरी जीप में सवार थे, ने तुरन्त उसमे छलाग लगाई और उग्रवादियो का मुकाबला करने के लिए गोलीबारी करने लगे। इस पर, 5 अन्य राइफलमैन ने पोजिशन ले ली और प्रथम जीप की ओर 10 गज के लगभग दक्षिण–पश्चिम दिशा की ओर बढ़ना शुरू किया। इसी दौरान, तीसरी जीप पर भी घात लगाई गई और उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोलीबारी भी शुरू कर दी। पुलिस दल ने इसका प्रति उत्तर दिया। गोलीबारी जारी रखते हुए श्री सिन्हा उग्रवादियों को काबू करने के लिए उनकी ओर आगे बढ़े। परस्पर गोलीबारी में श्री सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गए लेकिन उन्होने गोलीबारी जारी रखी और खाली मैगजीन की जगह भरी हुई मैगजीन को फिट किया। उग्रवादियों ने पुलिस दल पर ग्रेनेड फेंके जिससे चार पुलिस कर्मी घटनास्थल पर ही मारे गए। उग्रवादियों की इस कार्रवाई से श्री सिन्हा उग्र और क्रुद्ध हो गए और अपनी बेहोशी की अवस्था के बावजूद, भी उग्रवादियों पर गोलीबारी करते रहे। अन्ततः उग्रवादियों की गोलीबारी और ग्रेनेड के विस्फोट से वे मारे गए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री कृष्ण कुमार सिन्हा, राइफलमैन ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, राष्ट्रपति की पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 10 जुलाई, 1999 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 28-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अपूर्व कुमार विस्वास,
कांस्टेबल,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

17 अक्तूबर, 1999 को 0630 बजे के लगभग, एक सूचना प्राप्त हुई कि कुछ उग्रवादी गांव बटपुरा में घुस आए है। 110वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी की कमान के अन्तर्गत एक दल ने उस गाव को तीन ओर से घेर लिया और एक-एक करके घरों की तलाशी लेनी शुरू की। जब यह दल एक मकान के समीप पहुंचा तो उसके सभी संवासी जल्दी से बाहर निकल आए और भागने लगे। जब और जैसे ही इस दल ने अन्दर जाने के लिए मकान के गेट को खोला तो संवासियों द्वारा पुलिस दल पर गोलीबारी की गई। श्री अपूर्व विस्वास, कांस्टेबल अपने साथियों सहित सामने को ओर से घर की दीवार की ओर दौड़े और अन्दर गोलियों की एक बौछार की। इससे दो उग्रवादी भाग कर मकान से बाहर आ गए और एक शौचालय में घुस गए और उसे अन्दर से बन्द कर दिया तथा घेरा दल पर गोलीबारी जारी रखी। तथापि, श्री विस्वास पेड़ों के पीछे से शौचालय के समीप पहुंचने में सफल हो गए और कवरिंग फायर के अन्तर्गत आगे बढ़ते हुए इन्होंने एक ग्रेनेड फेंका जो शौचालय में जाकर फटा और उसके पश्चात् गोलीबारी थम गई। श्री विस्वास ने दरवाजा खोला और अन्दर दो उग्रवादी मृत पाए गए जिनकी शिनाख्त बाद में अलबदर गुट के मुस्ताक-ए-हुसैन और अबु जेहाद के रूप में की गई। घटनास्थल से दो ए० के० राइफलें और भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद किया गया।

इस मुठभेड़ मे श्री अपूर्व कुमार विस्वास, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 17 अक्तूबर, 1999 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 29-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अमल बैनर्जी,
कांस्टेबल, 55वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

29/30 दिसम्बर, 1999 की रात्रि को पि० एल० ए० से संबधित 25–30 उग्रवादियों के एक दल ने चुपके से खुदेनथोहाबी पोस्ट को घेर लिया और एम० एम० जी० के साथ भारी मात्रा में गोलीबारी शुरू कर दी तथा

सीमा चौकी, जहां श्री अमल बैनर्जी, कांस्टेबल सन्तरी ड्यूटी पर थे, पर 2 इन्च मार्टर बम्ब भी दागे। श्री बैनर्जी ने इसका प्रतिकार किया। जब तक श्री बैनर्जी को कुमुक उपलब्ध कराई जाती उन्होंने अपनी एल० एम० जी० से चारापार में गोलीबारी करते हुए उग्रवादियों को आगे बढ़ने से रोके रखा। तथापि, छिटकती हुई एक गोली उनके सिर पर आकर लगी। जख्मों के बावजूद, कुमुक पहुंचने और जब तक वे इनकी एल० एम० जी० का संभाल नही लेते इन्होंने गोलीबारी जारी रखी। क्षेत्र की तलाशी लेने पर 02 केनवुड ट्रांसरिसिवर, टेलीस्कोप एंटीने, 01 फ्लैश हाईडर, 02 मोलोटिव कॉकटेल चार्जर और भारी मात्रा में ए० के० श्रृंखला की राइफल का जीवित गोलाबारूद और 2 इंच मार्टर बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, श्री अमल बैनर्जी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4 (I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 दिसम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 30-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अब्दुल मजीद,
कांस्टेबल, 30वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

21 दिसम्बर, 1999 को गांव यकमानपुर मे एक मकान मे उग्रवादियो की उपस्थिति के बारे में सूचना प्राप्त होने पर, सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ियों द्वारा एक संयुक्त अभियान चलाने की योजना बनाई गई। मकान का घेराव करने और पोजीशन लेने के पश्चात् टुकड़ियो ने लक्ष्य-मकान पर गोली चलाई। उग्रवादियो ने पुलिस की गोलीबारी का कोई उत्तर नही दिया। गतिरोध सारी रात बना रहा। अगली सुबह दो धावा दल बनाए गए। जब प्रथम दल ने मकान के अन्दर प्रवेश किया तो उग्रवादियो में से एक, जो भूसी नाम के ढेर के पीछे छिपा हुआ था, ने नजदीक से गोली चलाई जिससे श्री राजाराम राम, हैड कांस्टेबल घायल हो गया, जिसने बाद में घावो के कारण दम तोड़ दिया। धावा दल पीछे हटा और बिल्डिंग के एक हिस्से को गिरा दिया। उग्रवादियो ने बिल्डिंग के दूसरे हिस्से से गोलीबारी जारी रखी। इसके पश्चात् एक और धमाका किया गया और समस्त बिल्डिंग नष्ट हो गई। श्री प्रदीप कुमार, कांस्टेबल जो मलबा हटाने के लिए आगे बढ़ा था, अचानक मकान में छिपे दो उग्रवादियो की गोलीबारी मे घिर गया। प्रतिउत्तर मे उसने भी गोली चलाई जिससे छत के मलबे के नीचे छिपा हुआ उग्रवादी मारा गया। शव को बाहर निकाला गया। अन्य उग्रवादी, जो कि मलबे मे फंस गया था, ने श्री अब्दुल मजीद, कांस्टेबल पर गोली चलाई। श्री मजीद ने मलबे के बीच मे जगह देखकर, एक ग्रेनेड निकाला और उसे मलबे के बीच मे फैंक दिया और उस स्थान से लुढ़क कर दूर हट गए। विस्फोट के कारण, मलबे में छिपा हुआ उग्रवादी मारा गया। घटनास्थल से निम्नलिखित हथियार/गोला बारूद बरामद किया गया

(क) ए० के० सीरीज राइफल	03 नग	(एक क्षतिग्रस्त)
(ख) ए० के० सीरीज मैगजीन	11 नग	(तीन क्षतिग्रस्त)
(ग) ए० के० गोला-बारूद (जीवित)	201 नग	
(घ) चीनी पिस्तौल	01 नग	
(ङ) पिस्तौल मैगजीन	02 नग	
(च) पिस्तौल का गोलाबारूद	12 नग	
(छ) सहायक उपकरणो सहित वायरलैस सेट	02 नग	
(ज) हथ गोले	03 नग	
(झ) पाउच (कैनवस)	03 नग	

इस मुठभेड़ में, श्री अब्दुल मजीद, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 22 दिसम्बर, 1999 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 3-प्रेज 2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारियो को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते है :—

अधिकारियो का नाम और रैंक

श्री बी० एस० पी० डोबरियाल,
सूबेदार,
(दिवगत) श्री प्रदीप सिंह,
कांस्टेबल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

15/16 जनवरी, 2000 के बीच की रात को जिजबल क्षेत्र के ऊंचे स्थानों पर उग्रवादियों की उपस्थिति के बारे में टाक मुख्यालय में सूचना प्राप्त हुई। सीमा सुरक्षा बल की 34वीं बटालियन की एक कम्पनी को उस क्षेत्र की घेराबन्दी करने के लिए भेजा गया। टुकड़ी को दो भागों में विभाजित किया गया और छिपने के संदिग्ध स्थान को घेर लिया गया। इससे पहले कि घेरे को और छोटा किया जाता, उग्रवादियों ने सीमा सुरक्षा बल कार्मिकों पर गोली-बारी शुरू कर दी। उबड़-खाबड़ भू-भाग का लाभ उठाते हुए, उग्रवादियों ने घेराबन्दी की खाली जगहों में से निकल भागना शुरू कर दिया और ऊंची चढ़ाई पर चढ़ने लगे। श्री बी० एस० पी० डोबरियाल, सूबेदार ने टुकड़ियों का नियंत्रण संभाला और उग्रवादियों का पीछा किया। श्री प्रदीप सिंह, कान्स्टेबल, जो एक टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे, कवरिंग फायर की आड़ में पेड़ों और शिलाखण्डों के पीछे छिपते हुए, भागते हुए उग्रवादियों का पीछा करने के लिए आगे दौड़े। श्री सिंह ने गोली चलाई और एक उग्रवादी को घायल कर दिया लेकिन इस कार्रवाई में ऊंचाई से गोलियां चला रहे उग्रवादी श्री सिंह को जख्मी करने में सफल हो गए, जिनकी जख्मों के कारण मृत्यु हो गई। श्री डोबरियाल गोलीबारी की आड़ में जख्मी उग्रवादी के समीप पहुंचने में सफल हो गए और उसे मार गिराया। तथापि, उनके भी दायें पैर में एक गोली लगी। मारे गए उग्रवादियों की शिनाख्त बाद में एच० एम०—पी० टी० एम० से संबंधित नाजी अहमद शेख और मुदस्सर-उल-हक के रूप में की गई। घटनास्थल से दो ए० के० राइफलें, देश में निर्मित एक एस० बी० बी० एल०, मैगजीन और गोलाबारूद बरामद हुआ।

इस मुठभेड़ में, श्री बी० एस० पी० डोबरियाल, सूबेदार और (दिवंगत) श्री प्रदीप सिंह, कान्स्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 16 जनवरी, 2000 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 32-प्रेज 2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री जे० एस० पठानिया,
सहायक कमाण्डेन्ट,

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

14-2-2000 को पादशाही बाग में एक इंजीनियर के घर में लश्कर-ए-तोइबा के प्रमुख की मौजूदगी के बारे में एक गुप्त सूचना मिलने पर सर्व श्री जे० एस० पठानिया और तेजिन्दर सिंह, सहायक कमाण्डेंट ने अबु ताला को पकड़ने के लिए उस क्षेत्र की घेराबन्दी की। श्री पठानिया ने अपनी क्विक रिएक्शन टीम के साथ बड़ी सावधानी के साथ उक्त मकान के भूतल और प्रथम तल की तलाशी ली। उनके प्रथम दौर की तलाशी के दौरान, श्री पठानिया और उनका दल उस उग्रवादी को नहीं खोज सका। अपने सूत्र से पुनः सम्पर्क साधने के बाद, श्री पठानिया ने अपनी क्विक रिएक्शन टीम के साथ उस मकान के प्रथम तल में पुनः प्रवेश किया। अबु ताला जो नीची चारपाई के नीचे छिपा हुआ था, एक दम खड़ा हुआ और अपनी पिस्तौल से श्री पठानिया पर गोली चला कर उन्हें बुरी तरह जख्मी कर दिया। जख्मी हो जाने के बावजूद, श्री पठानिया उस उग्रवादी पर गोली चलाने में सफल हो गए। क्विक रिएक्शन टीम के अन्दर आने तक श्री पठानिया और उग्रवादी दोनों जख्मों के कारण मर चुके थे। तलाशी के दौरान मृत उग्रवादी से मैगजीन सहित एक 9 एम एम पिस्तौल और कुछ राउन्ड बरामद हुए।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री जे० एस० पठानिया ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(I) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 14 फरवरी, 2000 से दिया जाएगा।

बरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 33-प्रेज 2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री ए० एस० गंगवार,
सहायक कमाण्डेन्ट,
चौथी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

26 अक्तूबर, 1999 को यह सूचना प्राप्त होने पर कि पुलवामा पुलिस स्टेशन के अन्तर्गत गांव कंगन के कुछ मकानों में हिज्जबुल मुजाहिद्दीन उग्रवादियों ने कुछ बाहरी व्यक्तियों के साथ शरण ली हुई है, श्री जी० एस० चौधरी, स्थानापन्न कमाण्डेन्ट, सीमा सुरक्षा बल ने गांव की घेराबन्दी करने और संदिग्ध मकानों की तलाशी लेने की योजना बनाई। श्री ए० एस० गंगवार, सहायक कमाण्डेन्ट और निरीक्षक जयपाल

यादव की कमान में सीमा सुरक्षा बल की टुकड़ियों ने संदिग्ध गांव की घेराबंदी की। श्री जी० एम० चौधरी स्थानापन्न कमाण्डेन्ट ने विभिन्न दिशाओं से गांव में पहुंचने के लिए अपनी टुकड़ी को विभाजित किया। गांव की घेराबन्दी करने के पश्चात् दलों को मकानों की तलाशी लेने के लिए भेजा गया। श्री ए० एस० गंगवार, सहायक कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में एक दल सावधानी के साथ एक संदिग्ध मकान के भूतल में प्रवेश पाने में सफल हो गया और इसके पश्चात् उस मकान के प्रथम तल की ओर बढ़ा। एक उग्रवादी, जोकि लैंडिंग प्लेस के ठीक ऊपर छिपा हुआ था ने सीढ़ियों में नीचे की ओर गोलियां चलाई जोकि श्री गंगवार को लगी और उनकी ए के राइफल भी क्षतिग्रस्त हो गई। श्री गंगवार ने पीछे को छलांग लगाई और उग्रवादी पर गोली चलाई जिससे वह जख्मी हो गया और कुछ देर में ही मर गया। पुलिस दल ने भूतल पर विभिन्न कमरों में पोजिशन ली और उन पर प्रथम तल से गोलीबारी होती रही। श्री जी० एम० चौधरी ने तत्पश्चात् अपनी टुकड़ियों को साथ के मकानों में तैनात किया और पड़ोस के मकानों से भारी मात्रा में गोलीबारी की गई। गोलीबारी की आड़ में वे एच० सी०/आर० ओ० राजेश कुमार और हैड कांस्टेबल एस० एन० राय को भेज कर कांस्टेबल साजी कुमार और कांस्टेबल गुरुपाल सिंह जो लक्ष्य मकान के भूतल में फसे हुए थे, को निकालने में सफल रहे। ग्रेनेडों के विस्फोट से पर्दों और लिनन ने आग पकड़ ली और रसोई घर में रखा एक गैस सिलैण्डर भी फट गया जिसके परिणामस्वरूप आगे मकान के प्रथम तल पर आग लग गई। दो उग्रवादी जिन्हें खिड़की से देख लिया गया था सीमा सुरक्षा बल पार्टी की गोलीबारी से मारे गए। मकान से 3 ए के राइफलें—दो आंशिक रूप से जली हुई तथा एक जिसमें ग्रेनेड लान्चर लगा हुआ था, 5 ए० के०-56 राइफल मैगजीन, 1 पिस्तौल और दो पिस्तौल मैगजीन बरामद हुई।

इस मुठभेड़ में, श्री ए० एस० गंगवार, सहायक कमाण्डेन्ट ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत के स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 26 अक्तूबर, 1999 से दिया जाएगा।

वरुण मिश्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 34-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री अजीत सिंह,
लांस नायक, 107वी बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया

29 जनवरी, 2000 को श्री ओ० एस० ओझा, उप-कमाण्डेन्ट को सूचना मिली कि हिजबुल-मुजाहिद्दीन का एक वांछित उग्रवादी मंजूर अहमद नजर कर्ण नगर से गुजरेगा। तदनुसार एक विशेष योजना बनाई गई। 2130 बजे के लगभग घात लगाने वाले दल ने एक संदिग्ध व्यक्ति को बाईसिकल पर कर्ण नगर की ओर आते देखा। घात दल ने उसे रूकने के लिए कहा लेकिन वह पीछे मुड़ा और बचने की कोशिश करने लगा। संदिग्ध व्यक्ति को भागते हुए देख कर, लांस नायक (ड्राइवर) अजीत सिंह ने उसका पीछा किया। उग्रवादी ने अपनी पिस्तौल निकाल ली और पीछा कर रहे सीमा सुरक्षा बल कर्मी पर गोलीबारी शुरू कर दी। श्री अजीत सिंह ने उग्रवादी को पीछे से पकड़ लिया और दोनों जमीन पर गिर गए। उग्रवादी ने संघर्ष किया और अपने को छुड़ा लिया तथा श्री अजीत सिंह पर पुनः गोली चलाई। अन्य कोई विकल्प न देख कर श्री अजीत सिंह ने उग्रवादी पर गोली चलाई और उसे मार दिया। मृत उग्रवादी से एक चीन निर्मित पिस्तौल, एक चीनी पिस्तौल मैगजीन, एक राउण्ड पिस्तौल का जीवित गोला-बारूद, पिस्तौल के खाली खोल-3 राउण्ड, एक चीनी ग्रेनेड, एक बाईसिकल, एक नकली पहचान पत्र और खाली एक के-47 राउण्ड-4 नग बरामद किए गए।

इस मुठभेड़ में, श्री अजीत सिंह, लांस नायक ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 29 जनवरी, 2000 से दिया जाएगा।

वरुण मिश्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 35-प्रेज/2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं:—

अधिकारी का नाम और रैंक

(दिवंगत) श्री चन्द्र शेखर के बी,
कांस्टेबल, 124वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

5 जनवरी, 2000 को 0100 बजे के लगभग अफसर मैस में अपनी सन्तरी ड्यूटी समाप्त करने के पश्चात् जब कांस्टेबल श्री चन्द्र शेखर अपने रिहायशी बंकर की ओर लौट रहे थे तो उन्हें सूखे नाले में कुछ संदिग्ध गतिविधियों की आवाजें सुनाई पड़ी। उन्होंने तुरन्त पोजिशन ली और नाले की ओर गोली चलाई। उग्रवादियों का एक ग्रुप वहां छिपा हुआ था और

सम्भवतः जिला पुलिस लाईन्स कैम्प पर हमला बोलने के उद्देश्य से लुक-छिप कर नाले के माध्यम से जा रहा था। श्री चन्द्रशेखर ने जहां से गोली चलाई थी वहां समुचित आड़ नहीं थी। अतः उग्रवादियों द्वारा जवाबी गोलीबारी में गोली लगने से वे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मों के बावजूद श्री चन्द्रशेखर ने गोलीबारी जारी रखी। आवाज सुनने पर, अन्य सन्तरी घटनास्थल की ओर दौड़े और जवाब में गोलियां चलाईं। उग्रवादी वहां से पीछे हट गए चूंकि पुलिस मैस जहां वरिष्ठ अधिकारी रह रहे थे, पर हमला करने की उनकी योजना विफल हो गई थी। श्री चन्द्रशेखर के शरीर से अत्यधिक खून बह रहा था। उन्होंने जख्मों के कारण उस समय दम तोड़ दिया जब उन्हें अस्पताल ले जाया जा रहा था।

इस मुठभेड़ में, (दिवंगत) श्री चन्द्र शेखर के बी, कांस्टेबल ने अदम्य वीरता, साहस एवं उच्चकोटि की कर्त्तव्यपरायणता का परिचय दिया।

यह पदक, पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(1) के अंतर्गत वीरता के लिए दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अंतर्गत स्वीकार्य विशेष भत्ता भी दिनांक 5 जनवरी 2000 से दिया जाएगा।

वरुण मित्रा,
राष्ट्रपति का उप सचिव

सं० 36-प्रेस/2001—राष्ट्रपति, सीमा सुरक्षा बल पुलिस के निम्नलिखित अधिकारी को उनकी वीरता के लिए पुलिस पदक सहर्ष प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम और रैंक

श्री तेजिन्दर सिंह,
सहायक कमांडेंट,
22वीं बटालियन,
सीमा सुरक्षा बल।

उन सेवाओं का विवरण जिनके लिए पदक प्रदान किया गया :

